दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 67 मुरादाबाद, 26 June 2023 (Monday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया पौधारोपण, फिर संतों संग जलपान



मुख्यमंत्री द्वारा पर्यटक सुविधा केन्द्र ( टीएफसी ) वृन्दावन में गोवर्धन, बरसाना, गोकुल तथा वृन्दावन के संतजनों के साथ जलपान किया गया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पं दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा एवं गौ अनुसंधान विश्वविद्यालय अतिथि गृह परिसर में पौधारोपण किया। इसके बाद वे वृन्दावन पहुंचे। इस दौरान सीएम योगी ने परिक्रमा मार्ग पर जल निगम अर्बन की निर्माणाधीन सीवर लाइन कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री द्वारा पर्यटक सुविधा केन्द्र ( टीएफसी ) वृन्दावन में गोवर्धन, बरसाना, गोकुल तथा वृन्दावन के संतजनों के साथ जलपान किया गया। इस दौरान वृन्दावन के संत स्वामी फूलडोल दास जी महाराज, स्वामी हरीशंकर दास जी नागा बाबा, स्वामी रामदेवानन्द जी सरस्वती महाराज, स्वामी दीनबन्धु दास जी महाराज, स्वामी बलराम दास जी महाराज, स्वामी गोविन्दानन्द तीर्थ जी महाराज, स्वामी महेशानन्द जी महाराज, स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज, स्वामी कृष्णानन्द जी महाराज, स्वामी अनंत दास जी महाराज प्रभुजी, स्वामी विजय कौशल जी महाराज सहित कई संत मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री हेलीपैड पवनहंस वृन्दावन से नोएडा शिल्पहाट, गौतमबुद्ध नगर के लिए रवाना हो गए। कार्यक्रम में गन्ना विकास एवं चीनी मिल विभाग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह, उप्र ब्रजतीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकान्त मिश्र, मण्डलायुक्त अमित गुप्ता, एडीजी राजीव कृष्ण, आईजी दीपक कुमार, जिलाधिकारी पुलकित खरे, नगर आयुक्त अनुनय झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, उप्र ब्रजतीर्थ विकास परिषद के सीईओ नगेन्द्र प्रताप, अपर नगर आयुक्त क्रान्ति शेखर सिंह, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## आगरा में राजनाथ सिंह बोले- बीजेपी लोकतंत्र का गला घोंट रही, तो इन प्रदेशों में कैसे बन गई सरकार




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे आगरा। खेरिया एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत हुआ। रक्षा मंत्री ने फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के कागारौल में पहली जनसभा की। यहां उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथ लिया। मोदी सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित किए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के आखिरी चरण में भाजपा ने घर-घर संपर्क अभियान की तैयारी कर ली है। इसी के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार की सुबह आगरा पहुंचे। उनकी पहली जनसभा फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के कागारौल में हुई। यहां उन्होंने कहा कि आज 25 जून का दिन है। इसी दिन 1975 में आपातकाल लगाया गया था और लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। उन्होंने कहा कि अगर बीजेपी लोकतंत्र का गला घोंट रही है तो हिमाचल, कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार कैसे बन गई। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा को लेकर शनिवार को जीआईसी मैदान में भूमि पूजन कराया गया था। कागारौल के किदवई इंटर कॉलेज मैदान में होने वाली जनसभा के लिए कमिश्नर डॉ. प्रीतिंदर व अन्य अधिकारियों ने मुआयना भी किया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि रक्षा मंत्री संगठन के साथ ही प्रदेश का नेतृत्व भी कर चुके हैं। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्षी दल केवल आलोचना तक सीमित रह गए है। भाजपा ने जनता का विश्वास जीता है। यही कारण है कि अब विपक्षी दल एकजुट होने का दिखावा कर रहे हैं,

लेकिन आगामी चुनाव में विपक्ष का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। इस दौरान केबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष भानु महाजन, जीएस धर्मेश, अशफाक सैफी, निर्मला दीक्षित, हेमेंद्र शर्मा, डॉ. यादवेंद्र शर्मा, हेमंत भोजवानी, नवीन गौतम, गौरव शर्मा, सुनील कर्मचंदानी आदि मौजूद रहे।

## विजिलेंस टीम ने सरकारी अधिकारी के घर पर की छापेमारी, तीन करोड़ की नकदी बरामद



ओडिशा प्रशासनिक सेवा ( ओएएस ) के अधिकारी प्रशांत कुमार राउत नबरंगपुर जिले में अतिरिक्त उप जिलाधिकारी के पद पर तैनात हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह राज्य में किसी सरकारी अधिकारी के पास से नकदी की दूसरी सबसे बड़ी बरामदगी है। ओडिशा में एक सरकारी अधिकारी के आवासों पर छापेमारी में तीन करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की सतर्कता शाखा ( ङ्घद्बद्दद्बद्यड्डठ्ठष्द्ग ङ्घद्बठ्ठद्द ) ने ओडिशा प्रशासनिक सेवा ( ओएएस ) के अधिकारी प्रशांत कुमार राउत के भुवनेश्वर, नबरंगपुर और अन्य स्थानों पर स्थित आवासों पर छापेमारी की। राउत नबरंगपुर जिले में अतिरिक्त उप जिलाधिकारी के पद पर तैनात हैं।पड़ोसी के छत पर फेंक दिए नकदी से भरे छह कार्टून- अधिकारियों ने बताया कि भुवनेश्वर में कानन विहार स्थित राउत के आवास पर सतर्कता शाखा की टीम पहुंची तो उनकी पत्नी ने नकदी से भरे छह कार्टून पड़ोसी के छत पर फेंक दिए और उसे छिपाने का अनुरोध किया। बाद में सतर्कता की टीम ने पड़ोसी के घर से ये कार्टून बरामद किए और कई मशीनों की सहायता से उसमें रखी नकदी की गिनती की। नबरंगपुर स्थित राउत के आवास से भी 89.5 लाख रुपये नकद और सोने के गहने बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, यह राज्य में किसी सरकारी अधिकारी के पास से नकदी की दूसरी सबसे बड़ी बरामदगी है। इससे पहले, अप्रैल 2022 में गंजम जिले में लघु सिंचाई प्रभाग में सहायक अभियंता के पद पर तैनात कार्तिकेश्वर राउल के ठिकानों पर छापेमारी में 3.41 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे।

### रिश्वत लेने के आरोप में 2018 में हुई थी गिरफ्तारी

अधिकारियों ने बताया कि प्रशांत राउत के खिलाफ कार्रवाई जारी है। छापेमारी की कार्रवाई में विभाग की करीब नौ टीमें लगी हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, राउत को 2018 में एक पंचायत कार्यकारी अधिकारी से कथित तौर पर एक लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जब वह सुंदरगढ़ जिले में बीडीओ के रूप में कार्यरत थे।

## काहिरा में अल-हकीम मस्जिद पहुंचे पीएम मोदी, कहा- यह मिस्त्र की समृद्ध विरासत और संस्कृति का गहरा प्रमाण है



काहिरा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मिस्त्र की राजधानी काहिरा में हेलियोपोलिस युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और प्रथम विश्व युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी अल-हकीम मस्जिद भी गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को काहिरा में मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अल-सीसी ने पीएम मोदी को ऑर्डर आफ द नील अवार्ड से सम्मानित किया जो मिस्त्र का सबसे बड़ा राजकीय सम्मान है। प्रधानमंत्री ने अल-हकीम मस्जिद का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि यह मिस्त्र की समृद्ध विरासत और संस्कृति का गरहा प्रमाण है। अल-हकीम मस्जिद का हुआ जीर्णोद्धार- अल-हकीम मस्जिद काहिरा में 11वीं सदी का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल है। यह मस्जिद भारत और मिस्त्र द्वारा साझा की गई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रमाण के रूप में खड़ी है। पीएम मोदी की यात्रा का महत्व अल-हकीम मस्जिद का उल्लेखनीय जीर्णोद्धार है, जो दाऊदी बोहरा समुदाय के अटूट समर्पण और समर्थन के माध्यम से संभव हुआ है।अल-हकीम मस्जिद का दौरा करके सम्मानित महसूस हुआ- मोदी पीएम मोदी ने कहा कि काहिरा में ऐतिहासिक अल-हकीम मस्जिद का दौरा करके सम्मानित महसूस हुआ। यह मिस्त्र की समृद्ध विरासत और संस्कृति का एक गहरा प्रमाण है। हमारे लिए आज का दिन ऐतिहासिक है%% भारतीय प्रवासी समुदाय के बोहरा समुदाय के सदस्य शुजाउद्दीन शब्बीर तांबावाला, जो आज अल-हकीम मस्जिद में मौजूद थे, जब पीएम मोदी वहां गए थे, कहते हैं, फ्रयह हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि पीएम मोदी आज यहां आए थे। उन्होंने हमारे साथ बातचीत भी की। उन्होंने हमारे बोहरा समुदाय की भलाई के बारे में भी पूछा और जब उन्होंने हमारे साथ बातचीत की तो हमें एक परिवार की तरह महसूस हुआ।पीएम मोदी ने भारतीय सैनिकों को दी श्रद्धांजलि- पीएम मोदी ने मिस्त्र के काहिरा में हेलियोपोलिस युद्ध कब्रिस्तान का भी दौरा किया। यहां उन्होंने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।मिस्त्र के राष्ट्रपति से पीएम मोदी ने की मुलाकात- पीएम मोदी ने मिस्त्र के राष्ट्रपति अल-सिसी से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।मिस्त्र स्वेज नहर के पास आर्थिक क्षेत्र बना रहा है। भारत ने भी वहां एक विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। उम्मीद की जा रही है कि इस बारे में भी दोनों देशों के बीच सहमति बनेगी।पीएम मोदी का मिला मिस्त्र का सर्वोच्च राजकीय सम्मान-मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने काहिरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को %ऑर्डर ऑफ द नाइल% पुरस्कार से सम्मानित किया। %ऑर्डर ऑफ द नाइल%, मिस्त्र का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है।मिस्त्र के दो दिवसीय दौरे पर काहिरा पहुंचे पीएम मोदी- बता दें, पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को मिस्त्र पहुंचे।

मिस्त्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबाउली ने उनका काहिरा एयरपोर्ट पर स्वागत किया। 1997 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की मिस्त्र की यह पहली राजकीय यात्रा है। भारत पश्चिमी एशिया और अफ्रीका में अपने रिश्तों को नए सिरे से मजबूत करने में जुटा हुआ है, जिसके चलते यह यात्रा उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अल-सिसी जब जनवरी, 2023 में भारत आए थे, तब दोनों देशों ने एक-दूसरे को रणनीतिक साझेदार घोषित किया था।

### भारत और मिस्त्र के रिश्ते मजबूत होंगे - पीएम मोदी

काहिरा पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि भारत व मिस्त्र के रिश्ते और मजबूत होंगे। दोनों देशों की जनता को इससे फायदा होगा। माना जा रहा है कि मोदी की इस यात्रा के बाद सितंबर, 2023 में अल-सिसी फिर से भारत आ सकते हैं। भारत ने जी-20 बैठक में हिस्सा लेने के लिए मिस्त्र को विशेष मेहमान के तौर पर आमंत्रित किया है।

## मोहब्बत की दुकान, लेकिन..., विपक्षी दलों की बैठक में हुई नोकझोंक के बाद AAP ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

विपक्षी दलों की बैठक के दौरान आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच नोकझोंक हुई थी जिसके बाद आप नेता ने राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान वाले नारे को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने मोहब्बत की दुकान खोली है तो विपक्ष को भी प्यार देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पिछली बातों को भूलकर आगे बढ़ना चाहिए और एक साथ आना चाहिए।हाल ही में पटना में विपक्ष की बैठक में कांग्रेस के साथ तीखी नोकझोंक के बाद आम आदमी पार्टी ने राहुल गांधी को घेरा और उन पर तंज कसते हुए बड़ा दिल दिखाने की अपील की है।आम आदमी पार्टी के नेता ने राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान का किया जिक्र- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान% का जिक्र करते हुए आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उन्हें पसंद है जो गांधी अक्सर दोहराते हैं, मैं नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल कर बैठा हूं। उन्होंने कहा, सर, हम मानते हैं कि वहां नफरत का बाजार है, लेकिन आपको वहां प्यार भी देना चाहिए। अगर विपक्षी दल आपके पास प्यार मांगने आए हैं और आप कहते हैं कि आपके पास यह नहीं है, तो यह आपके मोहब्बत की दुकान पर सवाल खड़ा करता है। पिछली टिप्पणियों को भुलाकर आगे बढ़ने की जरूरत- आप नेता भारद्वाज ने सार्वजनिक धारणा पर सबसे पुरानी पार्टी के लिए सावधानी बरतने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि अहंकारी होना ठीक है, लेकिन एक सीमा है जिसके परे लोगों और अन्य दलों को यह महसूस होने लगेगा कि सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार अहंकार से भर गई है। उन्होंने विपक्षी दलों से एक-दूसरे के खिलाफ पिछली टिप्पणियों से आगे बढ़ने की भी अपील की, क्योंकि वे राज्यों में प्रतिद्वंद्वी रहे हैं, लेकिन अब उन्हें एक साथ आने की जरूरत है। सभी प्रतिद्वंदियों को साथ आने की जरूरत- आप नेता ने कहा,फ्रकई पार्टियां अलग-अलग राज्यों में एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ती हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ती हैं। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और वामपंथी एक-दूसरे के खिलाफ लड़ते हैं। केरल में वामपंथी और कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी हैं। इन सभी विरोधाभासों के बावजूद, हमें अब एक साथ आना होगा। बहुत बड़ा दिल होना चाहिए- आप नेता भारद्वाज ने कहा कि विरोधाभास कड़वाहट पैदा करेंगे

## संपादकीय Editorial

# The path of opposition unity, uniting only under Modi Hatao agenda will not work

When the Congress seems to be regaining its lost base after the Karnataka assembly elections, the regional parties are trying to limit it. The problem is not only this. The problem is also that regional parties are trying to unite only under Modi hatao agenda. How the initiative to unite the opposition parties against the BJP is clashing with the priorities of the regional parties, it is known from the statement of Aam Aadmi Party chief Arvind Kejriwal that the ordinance will be discussed first in the meeting to be held in Patna. Ho, which has been brought by the Central Government regarding the services of the Delhi Government. Kejriwal wants all the opposition parties including the Congress to oppose this ordinance, but the Congress leaders are not ready for this as they are facing Aam Aadmi Party in Delhi and Punjab. The Congress also cannot forget how the Aam Aadmi Party had harmed it in the Gujarat assembly elections and how Kejriwal attacked the Chief Minister of Rajasthan, Ashok Gehlot, during his recent visit to Rajasthan. It also cannot be ignored that Trinamool Congress chief Mamata Banerjee has said that she will not support the Congress in Bengal, as the party is a slave of the CPI(M) here. After all, what good can she do to the Congress by supporting it in the rest of the country, because she has no mass base outside Bengal. Like the Trinamool Congress, some other regional parties are also wanting that in the name of opposition unity, the Congress should contest the Lok Sabha elections on at least a few seats and, if possible, stay away from their states. It is clear that Congress cannot accept this as it has already lost its political ground in many states by supporting regional parties. When the Congress seems to be regaining its lost base after the Karnataka assembly elections, the regional parties are trying to limit it. The problem is not only this. The problem is also that regional parties are trying to unite only under Modi hatao agenda. They are neither able to present an alternative agenda nor present their national perspective on important issues. Instead of national interests, they are giving more priority to regional interests. They don't even have an answer to the question that how will they be able to help Congress or any other party outside their states? Opposition unity is possible, but under the leadership of a party which has influence at the national level. Such a party is only Congress. Whatever claims Nitish Kumar and his allies may make regarding the Patna meeting, it cannot be turned away from the fact that neither all the opposition parties are participating in it nor is it clear who will be the face of the post of PM?

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Half a century: This is how the Chipko movement started, struggle has been historical as an idea

Chipko's half-century has begun, which will continue till 2030. Chipko's resistance spanned more than a decade. As an idea and action, Chipko has created impressive history. In the early decades of the last century, the Jungle Satyagraha took place in the then Uttarakhand i.e. British Kumaon against the government encroachment on the forest rights. Fifty years later, the Chipko movement was born challenging the forest policy of his government. Hundred years of Jungle Satyagraha have been completed. Chipko's half-century has begun, which will continue till 2030. Chipko's resistance spanned more than a decade. The Alaknanda flood of 1970 shook the Sarvodaya activists and common mountain dwellers active in Bhoodan. They were able to find the destruction of forests as one of the main causes of floods. The Bhoodan Yatras helped the activists to identify the real problems of their society. He got his eye on all the issues like drug addiction, casteism, forest-land, women and children, dalits and tribes, migration and employment etc. In the Gopeshwar demonstration of August 22, 1971, there was support for running small local industries from forest wealth along with prohibition of alcoholism, untouchability. In the Gopeshwar demonstration of October 22, 1971, the slogan 'Ours is the first right for our livelihood on the raw materials obtained from the forests' had emerged. The demand for abolition of contractual practice and discrimination against small Leesa units was prominent. A new slogan was born – 'Van Jaage-Vanvasi Jaage'. It resonates today along with other slogans from over half a century ago. The wood then went to Star Paper Mills and Leesa Indian Turpentine & Rosin Company, Bareilly (ITR) etc. Supply of raw material to any co-operative or village industry could not be started. Reports were given for rights and raw materials by institutions, people's representatives and entrepreneurs. The war resolutions of 1962, 65 and 71 became an excuse to postpone. Hundreds of youths from Uttarakhand were also martyred in these wars. From 1965 itself, the Tiladi incident of 1930 started being remembered. Uttarakhand Sarvodaya Mandal organized demonstrations in Puraula, Uttarkashi and Gopeshwar in December, 1972 and raised the issue of forest rights again. The Gopeshwar demonstration of December 15, 1972 was impressive. The main slogan was - 'The rights of forest dwellers, employment from forest wealth'. Shailani's song was born. The word 'Chipko' was to appear in it. In 1973, ignoring these demands, it was announced that Angu wood would be given to trading companies for making agricultural equipment. The villagers and their organizations were asked to make these tools out of pine wood, which was not possible. Chandi Prasad Bhatt met Aranyapal along with the local MLA, explained. But no effect. On March 27, 1973, the members of the Simond Company came to Gopeshwar to prepare for the cutting of Angu trees. On hearing this, Chandi Prasad said in natural excitement that 'Tell him, we will not allow the tree to be cut. We will stick to them.' Thus the word stick was born. On April 1, 1973, an all-party meeting was held at Gopeshwar. Everyone came to know that the trees given to the institution have been received by the company. The company was given trees in the circle. The society was ready to resist. On 24th April a meeting was held in Mandal under the chairmanship of Alamsingh Bisht. Dashauli Gram Swarajya Mandal members had made preparations. Handwritten posters were put up in Gopeshwar Mandal on 23rd itself. Chipko movement was publicly announced. The officials of the company went back. This was Chipko's first win without being chipped. Now the forest department has given trees to the company in Makhanda forest of Phata. A young man like Kedar Singh Rawat became an ally of the movement. From June 27 to December 31, 1973, several demonstrations took place in FATA. Struggle Committee was formed. The company's axes and saws could not go into the forest. On the arrival of Prime Minister Indira Gandhi in Garhwal in August, she was also requested to stop the felling in Phata. On December 29, Shyama Devi reached Phata from Gopeshwar along with other women. The first women's procession of the Chipko movement took place in Phata. This was a foreshadowing of resistance in the next year. The villagers and workers did not allow the forest to be cut. Thus Chipko's second resistance after Mandal was also successful. Chandi Prasad Bhatt, Ghanshyam Shailani, Anand Singh Bisht, Shishupal Kunwar, Murarilal, Alam Singh Bisht, Kedar Singh Rawat, Shyama Devi, Pratap

# Self-reliance: Now Tejas will shine, India will be in the line of developed countries

With the agreement made during Prime Minister Modi's visit to America, now the engines of fighter ships and drones will be produced in India with American cooperation. Such steps of self-reliance will bring us in the category of aircraft exporting countries in future. Equipping our army with the latest equipment and making the production of those equipment completely self-sufficient has become the main priority of our defense policy.

In this direction, the agreements made between India and America during Prime Minister Modi's visit to America are very important steps towards increasing India's military power. Prominent among these are the technology sharing agreement by the US with India to manufacture GE-F414-INS6 fighter jet engines and MQ-9B attack drones in India. America has not shown such generosity to any other country except the countries that have military treaty with America and India is not a member of any such military treaty. In this deal of construction cooperation, India will get 31 MQ-9B attack drones, of which 15 will be for our Navy and eight each for the Army and Air Force. Drones are autonomous vehicles that fly without a human pilot. It would be difficult for a layman to estimate how important the GE-F414 jet engine deal is to the Indian Air Force.

It is as important for him to be familiar with the weaknesses of the Indian Air Force as it is to understand the difference between the fourth and fifth generation jet fighters. Therefore, the Indian Air Force will really benefit greatly from the deal of these jet engines. According to government estimates, the Indian Air Force should have 42 squadrons of aircraft, but currently has a total strength of 31 squadrons, most of which are of Russian origin. Such a huge reduction in the number is worrying, the quality of the aircraft which are in service also raises many questions. Mirage aircraft of French origin were associated with the Air Force in the year 1999, of which about 50 aircraft are still in service.

The old and out of date Mirage aircraft, bought in the last few years by spending Rs 3,000 crores to get parts for these retired aircraft in France itself, are now being used to extract spare parts. India never thought of making spare parts for these aircraft. The MiG-21, which once shot down Pakistani Saber jets and Starfighter, had to bear the infamy of being a flying coffin due to lack of spare parts. Thankfully, the Rafale jet deal that was pending for years somehow reached a point and 36 Rafale jets could be purchased for the Air Force. But now the situation is such that the Tejas aircraft, which was so glorified as Indian-made when it was decided to replace the MiG-21, is being manufactured by Hindustan Aeronautics at a very slow pace.

In the year 2021, the order of about 47 thousand crore rupees, which was given to HAL to make 73 Tejas Mark-1A and 10 trainer aircraft, is expected to be fulfilled between February 2024 and February 2028. The supply of the first batch of Mark-1A will start next year. Meanwhile, it has also become clear that the Tejas Mark-1, powered by the GE-F404 engine, cannot be better than a fourth generation fighter. Therefore, a provision of Rs 9,000 crore was made to make an improved model in the form of Tejas Mark-2 aircraft and it was expected that the Air Force would be given 126 aircraft, ie seven squadrons of Advanced Multi Combat Aircraft ships. Of these, 36 aircraft will be powered by American GE-414 engines with 98 kilo Newton thrust and 90 aircraft to be built later will have 110 kilo Newton thrust. India's decision to develop the twin-engine advanced medium combat aircraft was inspired by the performance of the American F-35A at the Bangalore air show last February, given its limited aircraft manufacturing capacity. The Tejas Mark-II will be powered by the US-made GE-F414-INS6 turbofan engine. But it is a matter of happiness that while the engine of Tejas Mark-1 was completely imported, America has also agreed to give us the technology to make the GE-F414-INS6 engine used in Tejas Mark-2. As a result, this engine can be produced in India only with American cooperation. This is a golden opportunity for the Indian military aircraft manufacturing industry. Such steps of self-reliance will bring us in the category of aircraft exporting countries in future. In future we will need fifth generation fighter jets. The fifth generation jet fighter uses state-of-the-art high-end equipment for attack and defence. They have good strike range, ability to fly at high altitude and good maneuverability. Their biggest feature is cutting-edge electronic and avionics technology, which enables the pilot to make quick decisions by studying all the information received in an instant using artificial intelligence. In such a situation, this latest step taken in collaboration with America will take India in the direction of making India at par with developed countries.

# बारिश ने खोली स्मार्ट सिटी में जलनिकासी व्यवस्था की पोल



मुरादाबाद- एक घंटे की बारिश में कई प्रमुख मार्गों पर जलभराव, सड़कों के गड्ढों में पानी भरने से हादसे की आशंका प्री मानसून की बारिश में ही स्मार्ट सिटी में जलनिकासी व्यवस्था की पोल शनिवार को खुल गई। सुबह 10~30 बजे के करीब तेज बारिश से जहां गर्मी से तो लोगों को फौरी राहत मिली। लेकिन नाला-नालियों की ठीक से सफाई न होने से जल निकासी नहीं हो पाई। जिससे महानगर के कई मोहल्ले की सड़कों पर पानी भर गया। सीवरेज पाइपलाइन डालने के कार्य वाली सड़कों की खोदाई से गड्ढों में पानी भरने से हादसे की आशंका बढ़ गई। रामगंगा विहार फेज एक आशियाना सहित अन्य कॉलोनियों में आवागमन प्रभावित

## कांठ रोड, सिविल लाइंस में भी कई जगह सड़कें जलमग्न हुईं

प्री मानसून की बारिश से लोगों को गर्मी व उमस से फौरी राहत मिली तो सभी के चेहरे खिले। लेकिन नगर निगम की लचर कार्यशैली ने पहले ही दिन स्मार्ट सिटी की व्यवस्थाओं की कलई खोल दी। बरसात से पहले नाला सफाई के लिए पिछले दिनों नगर आयुक्त के निरीक्षण के बाद भी स्थिति बदतर रही। जिसका नजारा महानगर के नागरिकों ने देखा। सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम वाली रोड पर सीवरेज कार्य के चलते सड़क की खोदाई कर छोड़ दिया गया है। कई जगह काम भी चल रहा है। बारिश का पानी गड्ढों में भरने से आवागमन प्रभावित~ सड़कों के गड्ढों में बारिश का पानी भरने से वाहन चालकों को परेशानी हुई। कई दोपहिया वाहन चालक फिसले भी लेकिन गनीमत रही कि उनको गंभीर चोट नहीं लगी। यही स्थिति रामगंगा विहार फेज एक, आशियाना फेज एक व दो की भी रही। इसके अलावा कांठ रोड, सिविल लाइंस में भी कई जगह बारिश का पानी भरने से नाले की गंदगी सड़क पर पसर गई। लोगों को गंदगी के बीच आवाजाही करनी पड़ी। मानसून सक्रिय होने पर बदतर होंगे हालात~ एक घंटे में ही जलभराव से लोगों को हुई समस्या से नागरिकों को अब यह चिंता सताने लगी कि मानसून की सक्रियता के बाद महानगर में क्या स्थिति होगी। क्या वाकई हम स्मार्ट सिटी में रहते हैं। यह व्यवस्था पर सवाल है। बारिश की वजह से सड़कों पर जलभराव हो गया। बारिश में भीगे लोग सड़क के गड्ढों में गिरते-गिरते बचे। कई वाहन गड्ढों में फंसने से बंद हो गए। जिसे धक्का देकर लोगों ने निकलवाया। गनीमत रही कि कोई गंभीर रूप से चोटिल नहीं हुआ।

## रिमझिम बारिश से खिले किसानों के चेहरे

मुरादाबाद- शनिवार सुबह हुई बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। यह बारिश फसलों के लिए लाभदायक है। किसानों का कहना है

कि वह अब खेत में खाद डाल सकेंगे। कई दिनों से गर्मी चरम पर थी। जिससे गांवों में बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो रही थी। किसान फसलों को पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे थे। यहीं कारण था कि एक तरफ जहां फसल सूख रही थी तो दूसरी ओर किसान फसलों को खाद नहीं दे पा रहे थे। मगर शनिवार सुबह करीब 10 बजे से 11 बजे तक जमकर बारिश हुई। इससे किसानों के चेहरे खिल गए। जेबड़ी के किसान पुष्पेंद्र, महलकपुर के निरंज व मिलक के मनोज का कहना है कि यह बारिश फसलों के लिए बहुत लाभदायक है। फसलों में काफी दिनों से खाद और पानी की जरूरत थी। बारिश ने पानी की कमी को पूरा कर दिया। किसान अब फसलों में खाद डाल सकेंगे।

# असालतपुरा में बिजली चेकिंग टीम के साथ हाथापाई, सात मकानों में पकड़े टेंपर्ड मीटर



मुरादाबाद- लोगों ने चेकिंग टीम को वापस लौटाया, बिजली चोरी एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में होगी कार्रवाई महानगर के मोहल्ला असालतपुरा में बिजली चेकिंग के दौरान टीम ने सात घरों में बिजली चोरी पकड़ ली। इन घरों में मीटर को टेंपर्ड कर बिजली की चोरी की जा रही थी। एक परिवार की महिलाओं ने चेकिंग टीम को देखकर दरवाजा नहीं खोला। विवाद बढ़ने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और बिजली चेकिंग करने पहुंचे अधिकारी और कर्मचारियों से नोकझोंक करने लगे। भीड़ ने टीम के साथ हाथापाई तक कर दी। विवाद बढ़ता देख टीम को चेकिंग बीच में छोड़कर वापस लौटना पड़ा। अवर अभियंता ने मौके से ही उच्चधिकारियों को घटना की जानकारी दी। असालतपुरा और जामा मस्जिद चौराहा समेत कई मोहल्लों को सर्वाधिक बिजली चोरी करने के मामले में चिह्नित किया गया है। शुक्रवार को मध्यरात्रि के बाद असालतपुरा मोहल्ले में बिजली चेकिंग के लिए अवर अभियंता मनेंद्र सिंह और संतोष सिंह साथ एसएसओ विभागीय टीम गई थी। यहां चेकिंग के दौरान बिजली विभाग टीम के साथ मोहल्ले के लोगों ने धक्का मुक्की की। इसी बीच भीड़ में से कुछ लोगों हाथापाई तक कर दी और बिजली विभाग की टीम को चेकिंग नहीं करने दी। टीम ने सबसे पहले असालतपुरा में छापामार कार्रवाई शुरू की थी। कार्रवाई में एक के बाद एक सात घरों में बिजली चोरी पकड़ी। इन घरों में मीटर को टेंपर्ड कर बिजली चोरी की जा रही थी। एक घंटे में इस तरह के सात मामले बिजली चोरी के पकड़े गए। मध्य रात्रि के बाद चेकिंग से पूरे मोहल्ले के लोग जाग गए। इसके बाद टीम ने आठवां घर का दरवाजा खटखटाया, लेकिन परिवार के सदस्यों ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद अन्य घरों में भी टीम ने दरवाजे खुलवाने का प्रयास किया तो मोहल्ले की महिलाएं एकत्र हो कर आ गईं और टीम के साथ गाली गलौज करने लगी। इसके बाद परिवार के पुरुष सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और टीम के सदस्यों से झगड़ने लगे। धक्का मुक्की के बाद लोगों ने टीम के सदस्यों के साथ हाथापाई तक कर डाली। मौके पर लोगों का हुजूम इकट्ठा होता देख टीम को चेकिंग बंद करने पड़ी और उल्टे पैर वापस लौटना पड़ा। उच्चाधिकारियों को सूचना देने के बाद अवर अभियंता संतोष सिंह ने बिजली चोरी और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में गलशहीद थाने में तहरीर दी है।

## पीएसी और महिला पुलिस की मौजूदगी में होगी चेकिंग

अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय प्रेम प्रकाश ने बताया कि असलातपुरा की घटना के संबंध में मुख्य अभियंता एनके मिश्रा और जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह को जानकारी दे दी गई है।

असालतपुरा व बिजली चोरी के लिए चिह्नित अन्य मोहल्लों में पीएसी, यूपी पुलिस, महिला पुलिस और ड्रोन कैमरों के साथ चेकिंग कराई जाएगी। बिना पुलिस बल के असालतपुरा में बिजली चेकिंग करने पर टीम को जान खतरा हो सकता है। उन्होंने बताया के शनिवार को विद्युत वितरण खंड तृतीय में 210 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए हैं। वहीं वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता एसके सिंह ने बताया कि दौलत बाग और तहसील स्कूल में सात मकानों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को थाना नागफनी में तहरीर दी गई है।

# परिषदीय विद्यालयों में 2 जुलाई तक बढ़ा ग्रीष्मावकाश, तीन से खुलेंगे स्कूल



मुरादाबाद-शिक्षक नेताओं ने इसे छात्र और शिक्षक हित में बताया प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में एक बार ग्रीष्मावकाश बढ़ाकर 2 जुलाई तक कर दिया गया है। अब 3 जुलाई से स्कूल खुलेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पहले 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया था। लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए सचिव बेसिक शिक्षा ने इसे बढ़ाकर 26 जून कर दिया था। ऐसे में 27 से स्कूल खुलने थे। लेकिन एक बार फिर सचिव बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल ने आदेश जारी कर ग्रीष्मावकाश दो जुलाई तक कर दिया है। अब अवकाश के बाद तीन जुलाई से स्कूल खुलेंगे। इस आदेश पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने प्रसन्नता जताकर इसे सभी के हित में बताया है। संघ के महानगर इकाई के अध्यक्ष राकेश कौशिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी में छोटे बच्चों को स्कूल आने पर तबीयत बिगड़ने की आशंका थी। अवकाश के दिनों में छात्र छात्राओं को अपने स्तर से पढ़ाई जारी रखने के लिए कहा है। कहा कि बेहतर परीक्षाफल के लिए सभी को मेहनत करनी चाहिए।

# इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में जुटेंगे देश-विदेश के खरीदार

मुरादाबाद-26-28 जून तक चलेगा 17वां इंडियन फैशन ज्वैलरी एंड एसेसरीज फेयर हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद ( ईपीसीएच ) द्वारा इंडियन फैशन ज्वैलरी एंड एसेसरीज फेयर का 17वां संस्करण 26-28 जून तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में होगा। इसमें विदेशी खरीदारों, सोर्सिंग पेशेवरों के साथ ही खुदरा खरीदार भी जुटेंगे। ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि यह संस्करण फैशन ज्वैलरी, फैशन सामग्री और आभूषण आयोजक, फैशन सहायक उपकरण और बैग आदि उत्पाद श्रृंखलाओं से बना है। थीम मंडप, क्षेत्रीय खजाने, दैनिक रैंप अनुक्रम, लाइव शिल्प प्रदर्शन से निर्मित हैं। कहा कि इसमें दिल्ली, आगरा, नोएडा, मुंबई, लखनऊ, जयपुर, मुरादाबाद, फरीदाबाद, गुड़गांव, कोलकाता, वाराणसी और उन सभी शहरों के साथ फैशन, ज्वैलरी और संबंधित उत्पादों के उत्पादन समूहों से क्षेत्रीय विशेषज्ञता की अभिव्यक्तियों के साथ 150 से अधिक निर्माता जुटेंगे। इसमें अर्ध कीमती आभूषण, बेल्ट और बटुए, हैंडबैग व पर्स फैंसी जूते आदि उत्पाद उपलब्ध होंगे। ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने बताया कि यह हमारे लक्ष्य तीन गुना से तीस गुना तक की दिशा में एक कदम है। विभिन्न देशों में अपने भारतीय दूतावासों ने खरीदारों और आयातकों को निमंत्रण दिया है। अमित जैन ने बताया कि मेले के इस संस्करण में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, अजरबैजान, बेल्जियम, ब्राजील, बुल्गारिया, कनाडा, चिली, कोलंबिया, डेनमार्क, मिस्त्र, फ्रांस, जर्मनी, घाना, ग्रीस हंगरी, आइसलैंड, इजराइल, इटली आदि देशों के खरीदार जुटेंगे।

# खराब प्रगति वाले कस्तूरबा विद्यालयों के शिक्षक होंगे दंडित, मंडलीय कार्यशाला में वरिष्ठ विशेषज्ञ बालिका शिक्षा ने दी चेतावनी

मुरादाबाद- बोले- बालिकाओं के बेहतर भविष्य को एकजुट हो, जिलाधिकारी ने बालिकाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में गुणवत्तापरक संचालन व विविध नवाचारों पर चर्चा के लिए मंडल स्तरीय विजनिंग कार्यशाला पंचायत भवन सभागार में हुई। जिसमें वरिष्ठ विशेषज्ञ बालिका शिक्षा डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि खराब प्रगति वाले कस्तूरबा विद्यालयों के शिक्षकों को दंडित किया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए बालिका शिक्षा व शिक्षकों में ऊर्जा व दायित्व बोध का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा की बेटियां नजीर बने इसके लिए सभी मिलकर काम करें। राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ बालिका शिक्षा डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों को बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एकजुट होना होगा। इसके लिए अच्छा काम करने वाले पुरस्कृत व खराब प्रगति वाले कस्तूरबा विद्यालयों के शिक्षकों को दंडित किया जाएगा। इसलिए उत्तम कार्य करके बालिकाओं के भविष्य को सवारें। इस मौके पर आनंद शुक्ला व निधि ने कस्तूरबा विद्यालय के सर्वांगीण विकास के बिंदुओं पर विषयवार चर्चा की। कार्यशाला के संयोजक प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह ने मंडल के 48 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की प्रगति आख्या प्रस्तुत कर सभी का आभार जताया। संचालन शिक्षक डॉ. हरनन्दन प्रसाद व डॉ. सचिन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर बीएसए संभल चन्द्रशेखर, बीएसए अमरोहा गीता वर्मा, प्रभारी बीएसए रामपुर शेर सिंह, बिजनौर अजय कुमार, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा बिजनौर मित्रलाल गौतम, रामपुर सतेंद्र सिंह, अमरोहा प्रशांत कुमार, संभल रंजना राजपूत, मुरादाबाद विवेक शर्मा, अखिलेश सागर समेत खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# वह दिन काले थे और रातें तो घनघोर काली

मुरादाबाद- इमरजेंसी~ जेल में इंदिरा गांधी के विरोध में राजनीतिक चर्चाएं करते थे, तत्कालीन विधायक और मौजूदा सांसद डॉ.बर्क गए थे जेल कड़कती आवाज, दरम्याना चेहरा और नागरिक अधिकारों के पक्ष में खम के साथ खड़े होने वाले इस आदमी का नाम है बाबर खां। राजनीति में चौधरी चरण सिंह के कृपा पात्र रहे हैं। आपातकाल ( इमरजेंसी ) के खिलाफ देश को एकजुट करने वाले जय प्रकाश नारायण के अनुयायी हैं। देश और क्षेत्र की राजनीति ने करवट ली तो सोशलिस्ट से समाजवादी हो गए। समाजवादी लड़ाका बाबर खां मीसा बंदी हैं। 18 माह के बाद जेल से रिहा हुए, लेकिन राजनीति में कोई भी लाभ का पद नहीं लिया। इमरजेंसी की चर्चा आते ही इनका चेहरा गुस्से से लाल हो जाता है। इतिहास के पन्नों में 25 जून 1975 का वह दौर अपने अक्षरों में लिखा है। आपातकाल के दौरान यहां भी तमाम गिरफ्तारियां हुईं। पुलिस ऐसे लोगों को खोजने लगी जो इंदिरा गांधी की नीति और नेतृत्व के खिलाफ आवाज उठाते थे। संभल के सांसद डॉ. शफीक-उर रहमान बर्क, अमरोहा के तत्कालीन विधायक एवं विधान परिषद सदस्य मास्टर हरगोविंद सिंह, चौधरी कांशीराम, इकबाल जाफरी, मुस्तफिजुर हसन, ठाकुरद्वारा के अहमद हसन, रामपाल सिंह, आरएसएस से जुड़े लक्ष्मण प्रसाद, प्रेमशंकर शर्मा, रमाशंकर कौशिक, हाजी नन्हे जैसे अनगिनत लोग अपने ठिकानों से गिरफ्तार कर लिए गए। शहर के लाकड़ी वालान निवासी अनवारूल हुसैन इसी कड़ी में शामिल हैं। आपातकाल की वर्षगांठ पर अमृत विचार से बातचीत में लोकतंत्र सेनानी बाबर खां जेल की बातों को विस्तार से रखते हैं। इमरजेंसी का नाम सुनते ही बाबर के चेहरे का रंग बदल जाता है। आंखें लाल हो जाती हैं, उनकी आवाज कड़क हो जाती है। कहते हैं कि अब तो अधिकतर मीसा और डीआईआर बंदी इस दुनिया से चल बसे। मगर वह उन दिनों की काली रातों की चर्चा नहीं भूलते। शहर के तबेला मोहल्ला निवासी बाबर खान कहते हैं कि बाद में 17-18 महीने का समय कैसे गुजर गया? पता ही नहीं चला। कहते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सीपीएम और सोशलिस्ट पार्टी के लोग इंदिरा गांधी की तानाशाही का विरोध करते थे। नारे लगाते थे। इसीलिए जेल की यात्राएं झेलनी पड़ीं। बताते हैं कि जेल में सभी आपातकाल के खिलाफ आवाज बुलंद करते थे। इंदिरा गांधी की नाफरमानी को लेकर तकरीर करते थे। प्रशासन की ओर से जेल की खुफिया रिपोर्ट इंदिरा गांधी तक पहुंचाई जाती थीं। मुरादाबाद जेल में बंद हाजी नन्हे को नैनी ( प्रयागराज ) जेल भेज दिया गया। रमाशंकर कौशिश को भी दूसरी जेल में भेज दिया गया, लेकिन हम सभी सरकार डरे नहीं। अपनी बैठकों में सोवियत संघ की चर्चा करते थे और इंदिरा गांधी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते थे।







## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सावन में कांवड़ियों को लेकर त्रक्कने शुरू की तैयारी, बरेली जंक्शन और रामगंगा पुल पर रहेगी अतिरिक्त सुरक्षा



सावन में कांवडियों की सुरक्षा को लेकर जीआरपी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। बरेली जंक्शन और रामगंगा पुल पर अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाया जाएगा। वहीं कछला और हरिद्वार जाने वाली ट्रेनों में भी सुरक्षा को लेकर खाका खींचा जा रहा है। सावन में बरेली जंक्शन होकर बड़ी संख्या में कांवड़िये गुजरते हैं। जिसको लेकर जीआरपी ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। रेलवे जंक्शन से लेकर ट्रेनों तक सभी स्थानों पर निगरानी की जाएगी। हरिद्वार और कछला से आने-जाने वाली ट्रेनों पर खास निगरानी की जाएगी। बरेली जंक्शन से हरिद्वार आने-जाने वाली छह ट्रेनों और जंक्शन से कछला की ओर से आने-जाने वाली 12 ट्रेनों पर दो-दो जीआरपी के जवान अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। रामगंगा और बरेली जंक्शन पर अतिरिक्त फोर्स तैनात रहेगी। जीआरपी इंस्पेक्टर अजीत प्रताप सिंह ने बताया कावंड़ियों की सुरक्षा को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। सादा कपड़ों में भी जवानों को तैनात किया जाएगा।

# पंजाब में बिजली चोरी को जड़ से खत्म करने के लिए पीएसपीसीएल द्वारा विशेष अभियान चालू

सत पाल सोनी-क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के एक प्रवक्ता ने कहा है कि पंजाब में बिजली चोरी को जड़ से खत्म करने के लिए पीएसपीसीएल द्वारा विशेष अभियान चालू गर्मी/धान के मौसम के दौरान भी जारी रहेगा। बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए जाने वाले इस विशेष अभियान में सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं तथा कृषि क्षेत्र जहां जालीदार ट्यूबवेल चल रहे हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। पंजाब पुलिस के समन्वय से सुंदरनगर मंडल में बड़े पैमाने पर चेकिंग का आयोजन किया गया। घरेलू एवं व्यावसायिक कनेक्शन की जांच की गई जिसमें चोरी के 75 मामले पकड़े गए और लगभग 15 लाख का जुर्माना लगाया गया। अनधिकृत कॉलोनियां अवैध रूप से पीएसपीसीएल एलटी लाइनों के दोहन और बिजली चोरी को बढ़ावा देने में लिप्त पाई गईं। पीएसपीसीएल ने पंजाब पुलिस से सभी दोषी उपभोक्ताओं और अनधिकृत कॉलोनियों के प्रमोटरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि जो लोग बिजली चोरी के दोषी पाए गए बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ जुर्माने के अलावा उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। प्रवक्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों/कर्मचारियों को ईमानदार बिजली उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की समस्या न आने देने का निर्देश दिया गया हैऐसा होगा, लेकिन बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को बख्शा नहीं जायेगा।

# जी पंजाबी पर 'अंताक्षरी 3' का एक खास शो दर्शकों का मनोरंजन करेगा



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

